भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं 1520**

29 जुलाई, 2025 को उत्तरार्थ

**विषय: मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के लाभार्थी**

**1520. श्री गुरमीत सिंह मीत हायेर:**

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की शुरुआत के बाद से अब तक कितने किसानों को इसका लाभ मिला है और इसके वर्षवार, राज्यवार और जिलावार आंकड़ें क्या हैं;

(ख) उक्त योजना का मृदा उर्वरता, उर्वरक उपयोग और समग्र फसल उपज पर कितना प्रभाव पड़ा है;

(ग) क्या इसकी सफलता या चुनौतियों को मापने के लिए कोई मूल्यांकन किया गया है;

(घ) पंजाब और देशभर में कितने मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए हैं और किसानों के लिए इन्हें कितनी बार अद्यतन किया जाता है;

(ङ) मृदा स्वास्थ्य कार्ड में दी गई सिफारिशों का सक्रिय रूप से उपयोग करने वाले किसानों का प्रतिशत कितना है;

(च) योजना के कार्यान्वयन में पहचानी गई चुनौतियाँ क्या हैं और क्या सुधारात्मक उपाय किए जा रहे हैं; और

(छ) क्या इसकी प्रभावशीलता और किसान भागीदारी में सुधार के लिए योजना को बढ़ाने या संशोधित करने की कोई योजना है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

**(क):** मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना की शुरुआत से अब तक किसानों को जारी किए गए सॉयल हेल्थ कार्ड (एसएचसी) का राज्यवार और वर्षवार विवरण अनुबंध में दिया गया है। वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक सॉयल हेल्थ कार्ड बनाने का ज़िलावार विवरण एसएचसी पोर्टल https://www.soilhealth.dac.gov.in/scheme-progress पर राज्यवार ड्रिल डाउन विकल्प के अंतर्गत उपलब्ध है।

**(ख) एवं (ग):** राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद (एनपीसी), नई दिल्ली ने वर्ष 2017 में 19 राज्यों के 76 जिलों में 170 मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं और 1700 किसानों को शामिल करते हुए 'भारत में सॉयल हेल्थ कार्ड के तीव्र वितरण के लिए मृदा परीक्षण इंफ्रास्ट्रक्चर पर एक अध्ययन किया। एसएचसी की सिफारिशों के अनुसार उर्वरक और सूक्ष्म पोषक तत्वों के प्रयोग के परिणामस्वरूप, 8-10% की सीमा में रासायनिक उर्वरक के प्रयोग में कमी पाई गई है। एसएचसी के अनुसार उर्वरक और सूक्ष्म पोषक तत्वों के प्रयोग के कारण फसलों की उपज में कुल मिलाकर 5-6% की वृद्धि दर्ज की गई। मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता योजना का एक प्रभाव अध्ययन (नवंबर 2017) राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (मैनेज), हैदराबाद द्वारा किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 62.8% किसान एसएचसी की सिफारिशों के अनुसार उर्वरकों का उपयोग करते हैं। कम उर्वरक उपयोग के कारण प्रति एकड़ लागत में 4 से 10% की कमी आई। यद्यपि ,अधिकांश फसलों की पैदावार में मामूली वृद्धि हुई। कुल मिलाकर, धान किसानों ने यूरिया का उपयोग 9%, डायमोनियम फॉस्फेट (डीएपी)/सिंगल सुपर फॉस्फेट का उपयोग 7% कम कर दिया, लेकिन पोटेशियम का उपयोग 20% बढ़ा दिया।

**(घ) एवं (ङ):** योजना की शुरुआत से लेकर आज तक (अर्थात दिनांक 24.07.2025 तक) देश भर में 25.17 करोड़ सॉयल हेल्थ कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। पंजाब में आज तक (अर्थात दिनांक 24.07.2025 तक) 28.21 लाख सॉयल हेल्थ कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। किसानों के खेतों का समय-समय पर निदानात्मक मृदा स्वास्थ्य मूल्यांकन किया जाता है, ताकि तीन वर्षों में एक बार सॉयल हेल्थ कार्ड जारी किए जा सकें।

**(च) एवं (छ):** दक्षता बढ़ाने के लिए, नमूना पंजीकरण, परीक्षण परिणाम प्रविष्टि, स्वचालित उर्वरक खुराक सिफारिशें और सॉयल हेल्थ कार्ड तैयार करने के लिए एसएचसी पोर्टल में प्रावधान किया गया है। इस योजना के तहत, किसानों को एसएचसी सिफारिशों का उपयोग करने के लिए शिक्षित करने हेतु राज्यों द्वारा नियमित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। देश भर में सॉयल हेल्थ कार्ड सिफारिशों पर 93,781 किसान प्रशिक्षण, 6.80 लाख प्रदर्शन, 7425 किसान मेले / अभियान आयोजित किए गए हैं। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी (एटीएमए), कृषि विज्ञान केंद्र जैसे कृषि विस्तार कार्यकर्ता भी किसानों को सॉयल हेल्थ कार्ड (एसएचसी) की सिफारिशों के बारे में जानकारी देते हैं। इसके अतिरिक्त, इस योजना के तहत, छात्रों के युवा मन में मृदा के महत्व को समझाने और उनके व्यवहार में बदलाव लाने के लिए 1020 स्कूलों में स्कूल सॉयल हेल्थ कार्यक्रम का एक घटक भी कार्यान्वित किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत, 1.32 लाख छात्रों को मृदा नमूनाकरण, परीक्षण, सॉयल हेल्थ कार्ड (एसएचसी) तैयार करने और सॉयल हेल्थ कार्ड (एसएचसी) की सिफारिशों के अनुसार किसानों को उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग के बारे में शिक्षित करने के लिए नामांकित किया गया है। सरकार ने 5000 पीएम श्री स्कूलों में इस कार्यक्रम का विस्तार किया है।

**अनुबंध**

## पीएम-आरकेवीवाई के सॉयल हेल्थ एवं फर्टीलिटी के अंतर्गत किसानों को जारी किए गए राज्यवार सॉयल हेल्थ कार्ड का विवरण

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | किसानों को जारी किए गए एसएचसी की संख्या | | | | | | | | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | चरण -I (2015-17) | चरण -II (2017-19) | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 | |
| 1 | अंडमान और निकोबार | 10000 | 9540 | 1007 | 3000 | वर्ष 2021-22 के लिए, राज्यों को मिट्टी के नमूनों के लिए कोई धनराशि आवंटित नहीं की गई. | 2850 | 604 | 9999 | 108 | 37108 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 7455204 | 6927733 | 226487 | 0 | | 0 | 259929 | 449753 | 63175 | 15382281 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 20532 | 44256 | 5432 | 53 | | 0 | 2275 | 100020 | 734 | 173302 |
| 4 | असम | 1300901 | 1296197 | 67860 | 0 | | 0 | 295182 | 1011791 | 31127 | 4003058 |
| 5 | बिहार | 6469650 | 6277942 | 123866 | 333359 | | 1510587 | 250053 | 500000 | 26452 | 15491909 |
| 6 | छत्तीसगढ | 3890709 | 5514508 | 65341 | 5317 | | 0 | 160922 | 174876 | 56741 | 9868414 |
| 7 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 2222 | 12994 | 581 | 0 | | 0 | 0 | 0 | 0 | 15797 |
| 8 | गोवा | 25000 | 19550 | 2909 | 6556 | | 9033 | 8783 | 8987 | 853 | 81671 |
| 9 | गुजरात | 5108923 | 8671152 | 63591 | 0 | | 88422 | 178286 | 619520 | 97 | 14729991 |
| 10 | हरियाणा | 4227238 | 4143900 | 25605 | 18972 | | 600000 | 297772 | 571953 | 0 | 9885440 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 385011 | 960765 | 19671 | 25152 | | 24134 | 12370 | 74084 | 20340 | 1521527 |
| 12 | जम्मू एवं कश्मीर | 692062 | 1014182 | 56742 | 77519 | | 186890 | 57905 | 80257 | 15704 | 2181261 |
| 13 | झारखंड | 637507 | 263815 | 24037 | 0 | | 0 | 113195 | 234988 | 21305 | 1294847 |
| 14 | कर्नाटक | 7832189 | 9073145 | 73221 | 105546 | | 177359 | 221427 | 268000 | 84 | 17750971 |
| 15 | केरल | 763435 | 2319002 | 126540 | 118022 | | 0 | 0 | 103363 | 0 | 3430362 |
| 16 | लद्दाख | 0 | 0 | 1718 | 0 | | 0 | 931 | 138 | 0 | 2787 |
| 17 | मध्य प्रदेश | 8872377 | 8907385 | 127585 | 168454 | | 168208 | 467661 | 1106994 | 197865 | 20016529 |
| 18 | महाराष्ट्र | 12977232 | 13067735 | 201837 | 0 | | 206153 | 240246 | 487707 | 14950 | 27195860 |
| 19 | मणिपुर | 114522 | 114522 | 10010 | 4147 | | 7800 | 0 | 339 | 0 | 251340 |
| 20 | मेघालय | 209561 | 216659 | 3243 | 14195 | | 0 | 13000 | 24999 | 279 | 481936 |
| 21 | मिजोरम | 11986 | 16458 | 2119 | 0 | | 2857 | 5170 | 29727 | 0 | 68317 |
| 22 | नगालैंड | 184797 | 12000 | 27304 | 0 | | 14800 | 14752 | 110977 | 1 | 364631 |
| 23 | ओडिशा | 2374233 | 2047308 | 440927 | 142078 | | 325484 | 14163 | 498763 | 14453 | 5857409 |
| 24 | पुदुचेरी | 19594 | 12089 | 2508 | 3006 | | 0 | 3002 | 3000 | 43 | 43242 |
| 25 | पंजाब | 1251726 | 1160568 | 19196 | 19196 | | 168745 | 87944 | 96592 | 17324 | 2821291 |
| 26 | राजस्थान | 6886000 | 12079000 | 104774 | 0 | | 154429 | 268579 | 340990 | 130946 | 19964718 |
| 27 | सिक्किम | 46000 | 66000 | 2936 | 0 | | 3000 | 15035 | 60000 | 1672 | 194643 |
| 28 | तमिलनाडु | 7000000 | 7016654 | 58317 | 357000 | | 134050 | 250400 | 400000 | 82607 | 15299028 |
| 29 | तेलंगाना | 5720737 | 4842509 | 110664 | 165527 | | 0 | 0 | 139575 | 5245 | 10984257 |
| 30 | त्रिपुरा | 117723 | 158337 | 15002 | 6816 | | 20000 | 15212 | 36661 | 370 | 370121 |
| 31 | उत्तर प्रदेश | 17014573 | 20354551 | 255517 | 28109 | | 392257 | 485022 | 826001 | 384278 | 39740308 |
| 32 | उत्तराखंड | 750494 | 882797 | 13645 | 81876 | | 25305 | 52368 | 100913 | 9701 | 1917099 |
| 33 | पश्चिम बंगाल | 5040510 | 4423049 | 91360 | 0 | | 0 | 326095 | 370031 | 28347 | 10279392 |
| **कुल** | | **107412648** | **121926302** | **2371552** | **1683900** | | **4222363** | **4118283** | **8840998** | **1124801** | **251700847** |

*****